
nandgaon times feb-09-3.qxd 2/8/2026 10:19 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

सोमवार, 09 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 118, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए



nandgaon times feb-09-3.qxd 2/8/2026 10:19 PM Page 2



# जिला साहू संघ अध्यक्ष पद के लिए दर्जनभर दावेदार

## नए- पुराने चेहरों में बढ़ी हलचल, चुनावी रणभेरी जल्द, प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव, तिथि की घोषणा अभी शेष

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला साहू संघ में अध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक और सामाजिक सरगर्मियां तेज़ हो गई हैं। आगामी दिनों में जिला स्तर पर चुनाव की औपचारिक घोषणा होते ही चुनावी रणभेरी बजने की पूरी संभावना है। इस प्रतिष्ठापूर्ण पद के लिए 10 से अधिक दावेदार मैदान में बताए जा रहे हैं जिनमें नए और अनुभवी चेहरे पूरी तैयारी के साथ सक्रिय हो चुके हैं।

हालांकि अभी तक चुनाव की तिथि और प्रक्रिया की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है लेकिन दावेदारों की गतिविधियों ने माहौल को पूरी तरह चुनावी बना दिया है। ये नाम हैं दावेदारों की लंबी सूची में से फ़िलहाल पांच नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं जिनकी संगठन में मजबूत पकड़ और राजनीतिक-सामाजिक प्रभाव माना जा रहा है।



**कमल किशोर साहू** - कमल किशोर साहू जिला साहू संघ में महामंत्री और जिला अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वे भाजपा विचारधारा से जुड़े माने जाते हैं और संगठनात्मक अनुभव के कारण मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं।

**नीलमणि साहू** - नीलमणि साहू डोंगरगांव तहसील साहू संघ के महामंत्री रह चुके हैं और वर्तमान में जिला साहू संघ के महामंत्री हैं। वे प्रदेश अध्यक्ष नीरेंद्र साहू के करीबी माने जाते हैं, जिससे उनकी दावेदारी को और मजबूती मिलती है।

**विवेक साहू** - विवेक साहू भाजपा के जिला महामंत्री रह चुके हैं और जिला साहू संघ में कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का करीबी माना जाता है, जिससे राजनीतिक स्तर पर उनकी दावेदारी मजबूत मानी जा रही है।

**अमरनाथ साहू** - अमरनाथ साहू जिला साहू संघ में महामंत्री रह चुके हैं। वे डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू के करीबी माने जाते हैं जिसके चलते वे अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार के रूप में देखे जा रहे हैं।

**मदनलाल साहू** - मदनलाल साहू दो बार जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। साथ ही उन्होंने युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष और राजनीतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के रूप में भी कार्य किया है। संगठनात्मक अनुभव और समीकरण बनने की स्थिति में वे भी मजबूत दावेदार बन सकते हैं। वर्तमान जिला अध्यक्ष भागवत साहू और विधायक भोलाराम साहू का करीबी बताया जा रहा है। संगठन के अंदरूनी समीकरणों में उनकी भूमिका को भी अहम माना जा रहा है। प्रदेश और जिले में भाजपा सरकार होने के कारण यह चर्चा ज़ोरों पर है कि भाजपा विचारधारा से जुड़े व्यक्ति को ही जिला साहू संघ का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। इसी वजह से अधिकांश दावेदारों की राजनीतिक पृष्ठभूमि भी चर्चा में है। अब सभी की निगाहें जिला साहू संघ की आधिकारिक घोषणा पर टिकी हैं। जैसे ही चुनाव की तिथि घोषित होगी तस्वीर और भी साफ़ हो जाएगी कि अध्यक्ष की कुर्सी पर कौन बाज़ी मारता है।

## स्व डॉ बी डी साहू की स्मृति में उनके सुपुत्र यशवंत साहू ने कराया बच्चों को न्योता भोज



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय प्राथमिक शाला कोटराभाटा सुरगी तथा आंगन बाड़ी केंद्र क्रमांक एक एवं दो में स्व डॉ बी डी साहू की स्मृति में सुपुत्र यशवंत साहू संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव ने स्कूली बच्चों को न्योता भोज में खीर, पुड़ी, सलाद, केला व मिठाई खिलाया। इस अवसर पर यशवंत साहू, मुकेश्वरी साहू, भुनेश्वरी साहू, नीलेश साहू, नेवेद साहू, शाला के प्रधानपाठक दिव्या जैन, शिक्षक लक्ष्मी जांगड़े, गोपाल चंद्राकर आंगन बाड़ी कार्यकर्ता धनेश्वरी साहू, जामुन विश्वकर्मा, सहायिका सरोज नेताम, देवकी साहू तथा बच्चे उपस्थित थे।

## शिवनाथ नदी पुलिया के पास 30 पौवा देशी शराब, नकदी व मोटरसाइकिल जब्त



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। ग्राम रातापायली स्थित शिवनाथ नदी पुलिया के पास एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा था पुलिस को सूचना मिलते ही अवैध शराब बेचने वाले खिलाफ कार्यवाही की गई है, थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर मौके पर घेराबंदी की गई। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़कर उसके कब्जे से 30 पौवा देशी प्लेन शराब, नगद राशि, एक मोटरसाइकिल ग्लेमर क्रमांक छ्त्र 04 ्यश्व 1514 जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी ने डोमन लाल मालवीय 50 वर्ष, पिता निहाली दास मालवीय, निवासी गिधवा, थाना देवरी, जिला बालोद के पास अवैध शराब बरामद कर मौके पर ही पंचनामा तैयार कर विधिवत जप्ती की गई तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर थाना प्रभारी, उप निरीक्षक लाभा राम ध्रुव, प्रधान आरक्षक बृजमोहन यादव, आरक्षक छोटेलाल साहू एवं आरक्षक भगत सिंह सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गोगो पेपर सहित प्रतिबंधित नशीली सामग्री के विरुद्ध कबीरधाम पुलिस की सख्त और व्यापक कार्रवाई

पदमराज सिंह ठाकुर



**कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)।** कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के स्पष्ट निर्देशों के परिपालन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के कुशल मार्गदर्शन में कवर्धा शहर में अवैध एवं प्रतिबंधित नशीली सामग्री के विरुद्ध सघन और सुनियोजित अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना तथा शहर में नशे के अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाना रहा।


न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)

-:: ईश्तहार::-

रा0मा0 क्रं.......बी-107 वर्ष 2025-2026.

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आकाश चौरसिया आ0. श्याम प्रसाद चौरसिया निवासी सिनेमा लाईन आजाद चौक तहसील राजनांदगांव द्वारा छत्तीसगढ़ साहूकारी लायसेंस, प्रदान करन की मांग की गई है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो वे पेशी दिनांक 26/02/2026 तर्क लिखित में प्रस्तुत कर सकतें है। बाद में प्राप्त 'दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतएवं उक्त ईश्तहार आज दिनांक 06/02/2026 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

जारीं दिनांक - 06/02/2026

सुनवाई दिनांक - 26/02/2026

सील

तहसीलदार राजनांदगांव


## मोर गाँव के पुरखा फिर बोलेंगे, जामरी में सजेगा लोक आस्था और संस्कृति का महा उत्सव

**डोंगरगढ़/राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जब आधुनिकता की तेज़ दौड़ में लोक परंपराएँ कहीं खोती सी नज़र आती हैं, ऐसे समय में च्मोर गाँव के पुरखा लोक कला महोत्सव एवं मानस गान उत्सवज्ज् हमारी जड़ों की याद दिलाने आ रहा है। माँ बम्लेश्वरी की पावन छाया में बसे ग्राम जामरी में यह आयोजन आस्था, संस्कृति और परंपरा का संगम बनेगा। 08 फरवरी 2026 से 10 फरवरी 2026 (मंगलवार) तक आयोजित इस दो दिवसीय लोक कला महोत्सव एवं मानस गान उत्सव में छत्तीसगढ़ की आत्मा फिर से गीतों में गूंजेगी, मानस की चौपाइयों में राम नाम बहेगा और जस गीतों में माँ की भक्ति छलकेगी। लोक कलाकारों की सजीव प्रस्तुतियाँ दर्शकों को पुरखों के उस समय में ले जाएँगी, जब संस्कृति जीवन का अभिन्न हिस्सा हुआ करती थी।

### सप्ताह के सितारे (08 फरवरी 2026)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 2- 4- 8 - 9 | 24-42-28-82-48-84 |
| मंगल | 1- 3 - 7 - 9 | 37-73-39-93-79-97 |
| बुध | 2 - 4 - 5 - 7 | 24-42-27-72-47-74 |
| गुरू | 3- 4 - 9 - 0 | 34-43-30-03-90-09 |
| शुक्र | 2 - 3 - 4 - 8 | 29-92-34-43-78-87 |
| शनि | 3 - 5 - 6- 0 | 67-76-12-21-09-09 |

अंकों का बादशाह -5 सप्ताह में अचूक 1 - 4 - 6 - 0

सप्ताह का वरदान -9 स्पेशल - 68- 57 -24 -78

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 11 - 14 - 16 - 10 | (6) 61 - 64 - 66- 60 |
| (2) 21 - 24 - 26 - 20 | (7) 71 - 74 - 76 - 70 |
| (3) 31 - 34 - 36 - 30 | (8) 81 - 84 - 86 - 80 |
| (4) 41 - 44 - 46 - 40 | (9) 91 - 94 - 96 - 90 |
| (5) 51 - 54 - 56 - 50 | (10) 01 - 04 - 06 - 00 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 04-46-65-04-04-74 | 86-73-34-46-67 |
| 77-51-04-34-55-42 | 33-09-08-84-62 |
| 02-39-06-67-69-54 | 35-86-20-96-59 |
| **-76-59-35-12-70 | **-30-23-83-52 |
| 91-78-82-20-54-65 | 28-55-20-73-87 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# ओडारबांध वार्षिक महासभा सम्मेलन भव्य रूप से संपन्न

## विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में रहे उपस्थित





**झिथराटोला (नांदगांव टाइम्स)।** दिनांक 07 फरवरी 2026 को ग्राम झिथराटोला में अखिल भारतीय भुमिजन आदिवासी ध्रुव गोड समाज महासभा ओडारबांध का वार्षिक महासभा सम्मेलन खुज्जी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भोलाराम साहू की गरिमामयी उपस्थिति में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विधायक भोलाराम साहू ने सर्वप्रथम बुढा देव भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना कर संध्या आरती में सहभागिता की। इसके पश्चात अपने उद्बोधन में उन्होंने आदिवासी समाज की एकता, समृद्ध संस्कृति एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदिवासी समाज की परंपराएं, संघर्षशीलता और सामाजिक मूल्य प्रदेश की पहचान हैं, जिन्हें आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। विधायक साहू ने इस भव्य आयोजन के लिए समाज के समस्त पदाधिकारियों एवं सामाजिकजनों को बधाई देते हुए उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक सरोकारों एवं संगठनात्मक कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजकुमारी सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया, राजू सिन्हा पूर्व कार्यकारिणी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया, मदन नेताम अध्यक्ष महासभा ओडारबांध, अनिता मंडावी जिला पंचायत सदस्य, धन्नूलाल उइके पूर्व अध्यक्ष महासभा ओडारबांध, लादूराम तुमरेकी, रामेश्वर मंडावी, देवसिंह उइके, विजेंद्र साहू, लीलाराम मंडलोई, जोगीराम कुमरे, विदोद मंडलोई सहित ओडारबांध महासभा के सामाजिक पदाधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## पी एम सेजेश के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पीएम श्री सेजेस डोंगरगांव के



विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण साइंस सेंटर रायपुर एवं आदिवासी संग्रहालय रायपुर का कराया गया। जिसमें कक्षा दसवीं एवं बारहवीं तथा छठवीं से नवमी तक के बच्चों को साइंस सेंटर एवं आदिवासी संग्रहालय के प्रत्येक स्पॉट का अवलोकन कराया गया । जिसमें सभी बच्चों ने उत्सुकता एवं रुचि दिखाई ,सभी बच्चे अति उत्साहित होकर नई तकनीक एवं भारतीय संस्कृति का अवलोकन किया ।सभी बच्चों ने कार्यक्रम को बहुत सराहा ,इस शैक्षणिक भ्रमण में संस्था के प्राचार्य बी एल देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता राजेंद्र गणवीर वाय.आर कोठारी, स्वाति वर्मा एवं संस्था के पर्याप्त स्टाफमौजूद थे ,साथ में संस्था के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अरुण जैन, सदस्य रामकुमार गुप्ता, संतोष यादव आदि ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर बच्चों के साथ भ्रमण किया ।यह भ्रमण का कार्यक्रम काफी प्रशंसनीय रहा।

# शिक्षा, प्रतिभा और संस्कार किसी भी समाज के समग्र विकास की मजबूत नींव - विधायक भोलाराम साहू



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज ब्लॉक अंबागढ़ चौकी द्वारा दिनांक 07 फरवरी 2026 को आयोजित जनप्रतिनिधि एवं प्रतिभा सम्मान समारोह खुज्जी विधानसभा के जनप्रिय विधायक भोलाराम साहू की मुख्य अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति में उत्साहपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों एवं उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि शिक्षा, प्रतिभा और संस्कार किसी भी समाज के समग्र विकास की मजबूत नींव होते हैं। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा प्रतिभाओं को सम्मानित करने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। विधायक साहू ने हल्बा-हल्बी समाज द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं शैक्षणिक प्रयासों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान नन्हीं बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। बालिकाओं की सांस्कृतिक प्रतिभा और आत्मविश्वास से प्रभावित होकर विधायक साहू ने उन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुकेश सिन्हा ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अंबागढ़ चौकी, रितेश मेश्राम पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी, झरनेश कुम्भकार पार्षद, गोपीचंदा देवांगन पार्षद, , जितेंद्र उइके जनपद सदस्य प्रतिनिधि, नोहर सिंह धनगुल, कुंतीआल्हा, विकास लाउत्रे मंडल प्रभारी, सत्तर मालेकर, मनोहर लात्रे, दयाशंकर गुप्ता, मदन कोमरे, गैदलाल, दुलार विश्वकर्मा, पन्नालाल कुजांम, राजू देवांगन, राजकुमार महानदिया, हेमंत मंडावी, लखन लाल कोलियारे, रतनलाल, बोधिराम भूआर्य पूर्व सरपंच सहित समाज के पदाधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, युवा वर्ग एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# ग्राम जराही और तुमड़ीलेवा में भव्य लोक महोत्सव का सफल आयोजन

## जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में संस्कृति और परंपरा का उत्सव



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम जराही एवं तुमड़ीलेवा में आयोजित लोक महोत्सव बड़े हर्षोल्लास, सांस्कृतिक रंग और जनसहभागिता के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामीण संस्कृति, लोक परंपराओं और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही जिससे आयोजन की भव्यता और भी बढ़ गई। इस लोक महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती अनीता डिगेन्द्र सिन्हा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत श्री सांकेत वैष्णव जी जनपद सभापति श्री परदेशी सोनबोइर जी अध्यक्ष भाजपा तिलई मंडल श्री राकेश साहू महामंत्री श्री जागेसर साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री टाकेश सिन्हा श्री डिगेन्द्र सिन्हा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि लोक महोत्सव हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाए रखने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे को भी मजबूत करते हैं।

इस अवसर पर श्री बलराज साहू सरपंच ग्राम जराही श्री तेजराम साहू सरपंच ग्राम पंचायत तुमड़ीलेवा श्री संजय टंडन पूर्व सरपंच उपसरपंच पंचगण एवं अन्य ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लोक महोत्सव में ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पारंपरिक लोक कला, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और उत्सव के माहौल ने पूरे क्षेत्र को आनंद और उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और अत्यंत सफल रहा। ग्राम जराही और तुमड़ीलेवा का यह लोक महोत्सव ग्रामीण एकता, संस्कृति और परंपरा का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा।

# हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव की जिला बैठक संपन्न

## राज बहादुर सिंह बने जिला सक्षम केंद्र प्रभारी, आशीष तिवारी को मिली प्रचार आयाम की जिम्मेदारी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव की महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक महेश्वरी भवन, रामाधीन मार्ग में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, दायित्व निर्धारण एवं समसामयिक राष्ट्रीय विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से राज बहादुर सिंह को हिंदू जागरण मंच जिला राजनांदगांव का जिला सक्षम केंद्र प्रभारी नियुक्त किया गया, वहीं आशीष तिवारी को संगठन के प्रचार आयाम का जिला प्रमुख बनाया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दोनों दायित्वधारियों को बधाई देते हुए संगठन हित में पूर्ण निष्ठा से कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। बैठक के दौरान प्रमुख वक्ताओं ने महिला सुरक्षा एवं महिला सम्मान जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना प्रत्येक जागरूक नागरिक का कर्तव्य है और हिंदू जागरण मंच इस दिशा में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है।





वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रभक्ति, देशभक्ति एवं राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि हिंदू जागरण मंच का प्रत्येक कार्यकर्ता मातृभूमि की रक्षा के लिए आवश्यक होने पर अपने प्राणों का बलिदान देने को भी सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए संगठित होकर कार्य करना समय की आवश्यकता है। बैठक में धर्म रक्षा, स्वावलंबन एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि आत्मनिर्भर समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव होता है, इसलिए स्वदेशी, स्वावलंबन और समाज को संगठित करने के प्रयासों को और अधिक गति दी जाएगी। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का समापन राष्ट्रहित एवं धर्मरक्षा के संकल्प के साथ किया गया। हिंदू जागरण मंच के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुई बैठक में प्रमुख रूप से सुशील लड्ढा प्रवीण शर्मा सविता बोस प्रभात गुप्ता राजा मौसमी शर्मा हेमलाल ढीमर मिथिलेश चंदेल जुगल किशोर गुप्ता विद्या यादव मनोज मालू राज सोनकर गोविंद साहू महेंद्र जांघेल आनंद गुप्ता राजू सोऊ आशीष कुमार स्वर्णकार रोहित तिवारी संतोष टूरहते श्रेयांश व्यास हरीश भानुशाली कांति मौर्य श्रीमती जनक गुप्ता ममता शर्मा माया शर्मा मंजू यादव गायत्री गौतम मुनमुन पोरिया संगीता शुक्ला चंदा शाह रिमझिम भौमिक प्रतीक श्रीवास्तव मुकेश सोनी मनोज गोलछा सुरेश यादव भोला यादव विकास साहू जितेंद्र चौबे रोहित शर्मा राकेश श्रीवास प्रियंका भट्टड प्रीती जोशी रंजना शर्मा सविता जोशी दीपिका चौरसिया कमलेश वैष्णव सुधांशु चटर्जी गोविंद जोशी उषा चटर्जी कृष्ण कुमार तिवारी रिंकू तिवारी गोवर्धन खंडेलवाल विष्णु सिंन्हा बंटी साहू राजकुमार सिंन्हा सुनीता सिन्हा अभय सिन्हा हेमंत कश्यप लक्ष्मण सिंह साहू राजेश खंडेलवाल एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में भारत ने किस क्षेत्र में अपने पहले शीतकालीन वैज्ञानिक अभियान की शुरूआत की है?*

*2) माताटीला परियोजना किस नदी पर स्थित है?*

*3) आईपीएल 2024 की नीलामी में आईपीएल के इतिहास में सबसे महेंगे खिलाड़ी कौन बने है?*

*4) किस देश में सर्वाधिक अम्लीय वर्षा होती है?*

*5) इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश कौन बने है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) आर्कटिक क्षेत्र (2) बेतवा नदी, उत्तर प्रदेश (3) मिचेल स्टार्क (4) नार्वे (5) अरुण भंसाली

## संस्कृति इंग्लिश मीडियम स्कूल भेडीकला में वार्षिक उत्सव आज

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कृति इंग्लिश मीडियम स्कूल भेडीकला में आज दिनांक 09 फरवरी 2026, सोमवार को विद्यालय का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11:00 बजे से गायत्री मंदिर प्रांगण, संस्कृति इंग्लिश मीडियम स्कूल भेडीकला में किया गया है। शाला प्रबंधन कमल नारायण साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्षिक उत्सव के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें नृत्य, गीत, नाटक एवं अन्य रंगारंग कार्यक्रम शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना एवं शिक्षा के साथ संस्कारों का विकास करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष शीला टाकेश सिन्हा उपस्थित रहेंगी। वहीं विशिष्ट अतिथियों में राजनांदगांव जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्रकार जनपद सदस्य, साकेत वैष्णव जनपद सदस्य, पूर्णिमा कृष्णा साहू जनपद सदस्य, बिसंतीन नेताम सरपंच भेड़िकला, संतोषी वैष्णव सरपंच भाठागांव, सोभा राम देवांगन ग्रामीण, भरत लाल देवांगन अध्यक्ष गायत्री मंदिर भेड़िकला, दिनेश देवांगन सामाजिक कार्यकर्ता, पोषण लाल साहू, मोहन लाल साहू अध्यक्ष साहू समाज भेड़िकला सहित समस्त ग्रामवासी भेडीकला उपस्थित रहेंगे।

## रामपुर में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 16 वां वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में शासकीय पुर्व माध्यमिक शाला एवं



प्राथमिक शाला रामपुर में सम्पन्न हुआ,कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती की पुजा अर्चणा कर राज्य गीत अरपा पैरी के धार महानदी हे अपार से किया गया।इस कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम शिक्षा, संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण संबंधित गीत ,कविता एवं नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मोमेंटो,मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।बालक की सफलता में पालक एवं शिक्षक का महत्व पूर्ण योगदान रहता है अत: प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के माता-पिता को साल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया ।अतिथियों द्वारा सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि नीलू शर्मा (अध्यक्ष पर्यटन बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन केबिनेट दर्जा प्राप्त) अध्यक्षा भरत वर्मा (पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव) विशेष अतिथि मनीष साहू (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव) भूवन साहू मंडल अध्यक्ष अर्जुनी यतीश सिन्हा (सरपंच ग्राम पंचायत रामपुर) गौरी रामटेके, समारिक निर्मलकर दुधेराम साहू, द्वारिका ताराम, रुपचंद साहू ,बाबुलाल खोबरागढे,किशन लाल देशमुख (ए बी ओ ) जयनंदन साहू तीजन सिन्हा, शाला प्रबंधन समिति सदस्य,ग्राम समिति सदस्य, वार्ड पंच ,गणमान्य नागरिक,पालक गण, ग्रामवासी,शाला के सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे ।

# कबीरधाम में सवर्ण एकजुटता का ऐलान, बनी सवर्ण एकता मंच — यूजीसी जैसे काले कानून के विरोध से लेकर ईडब्लूएस आरक्षण तक बनाई आंदोलन की रणनीति

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कवर्धा। आज रविवार को कवर्धा में सवर्ण समाज की ऐतिहासिक सामूहिक बैठक ने जिले की सामाजिक राजनीति को नई दिशा दे दी। 13 सवर्ण समाजों के जिलाध्यक्षों और समाज के सक्रिय सदस्यों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से सवर्ण एकता मंच का गठन किया गया। बैठक में स्पष्ट संदेश दिया गया कि सवर्णों के अधिकारों पर किसी भी प्रकार का प्रहार स्वीकार नहीं किया जाएगा। शासन द्वारा लागू किए जा रहे यूजीसी से जुड़े प्रावधानों जैसे काले कानूनों के खिलाफ निर्णायक संघर्ष की रूपरेखा तय हुई, वहीं छत्तीसगढ़ में ईडब्लूएस आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू कराने पर भी एकजुट पहल का संकल्प लिया गया।बैठक में सैकड़ों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। युवाओं की बढ़-चढ़कर भागीदारी ने मंच को नई ऊर्जा दी। वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार ने जनभावनाओं की अनदेखी की, तो सवर्ण एकता मंच के बैनर तले व्यापक और उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा। सभी समाजों ने मंच में अपना भविष्य देखते हुए साझा संघर्ष की घोषणा की।



**सवर्ण एकता मंच का गठन, साझा नेतृत्व की सहमति**

बैठक के पहले सत्र में मंच की संरचना पर चर्चा हुई। 13 समाजों के जिलाध्यक्षों ने सर्वसम्मति से मंच के गठन पर मुहर लगाई। निर्णय हुआ कि आगे की सभी गतिविधियां सामूहिक नेतृत्व और पारदर्शी निर्णय प्रक्रिया से संचालित होंगी। मंच का उद्देश्य सामाजिक एकता, संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और युवाओं को संगठित करना तय किया गया।

यूजीसी जैसे प्रावधानों के खिलाफनिर्णायक रुख

सदस्यों ने कहा कि शिक्षा और अवसरों से जुड़े नियमों में सवर्णों के साथ भेदभाव बर्दाश्त नहीं होगा। मंच ने साफकिया कि यूजीसी से जुड़े ऐसे किसी भी कदम का शांतिपूर्ण लेकिन प्रभावी विरोध किया जाएगा, जो समाज के हितों के विपरीत हो। सरकार से मांग की गई कि संवाद के जरिए समाधान निकाला जाए, अन्यथा आंदोलन अपरिहार्य होगा।

**ईडब्लूएस आरक्षण लागू कराने पर जोर**

बैठक का अहम एजेंडा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण को जमीन पर उतारना रहा। वक्ताओं ने कहा कि ईडब्लूएस का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे, इसके लिए निगरानी तंत्र मजबूत करने और प्रशासनिक स्तर पर जवाबदेही तय करने की रणनीति बनाई गई।

**युवाओं की सक्रिय भागीदारी, आंदोलन की रीढ़ बनेगा संगठन**

कई युवा प्रतिनिधियों ने मंच से अपने विचार रखे। तय हुआ कि गांव-वार संपर्क अभियान चलाया जाएगा, डिजिटल माध्यमों से जागरूकता बढ़ाई जाएगी और प्रत्येक समाज से स्वयंसेवक तैयार किए जाएंगे। युवाओं को संगठन की रीढ़ मानते हुए प्रशिक्षण और संवाद कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव पारित हुआ।

**सरकार को चेतावनी, मांगें नहीं मानी गईं तो होगा उग्र आंदोलन**

अंतिम सत्र में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ कि यदि शासन ने यूजीसी जैसे प्रावधानों पर पुनर्विचार नहीं किया और ईडब्लूएस आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया, तो सवर्ण एकता मंच चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा। बैठक एक स्पष्ट संदेश के साथ संपन्न हुई एकता ही शक्ति है, और अधिकारों की रक्षा के लिए समाज एकजुट रहेगा। कुल मिलाकर इस बैठक ने सवर्ण समाज को साझा मंच पर लाकर भविष्य की लड़ाई का रोडमैप तय कर दिया है—जहां संवाद प्राथमिकता होगा, लेकिन जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी।

## विधायक भोलाराम साहू एवं इंद्रशाह मंडावी रहे मुख्य अतिथि शिक्षक क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दिनांक 07 फरवरी 2026 को अंबागढ़ चौकी क्रिकेट मैदान में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय शिक्षक क्रिकेट प्रतियोगिता 07 एवं 08 फरवरी 2026 का शुभारंभ हर्षोल्लास और खेल भावना के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में खुज्जी विधानसभा के विधायक भोलाराम साहू एवं मोहला विधानसभा के विधायक इंद्रशाह मंडावी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया तथा सभी टीमों को उत्कृष्ट प्रदर्शन और खेल भावना बनाए रखने की शुभकामनाएँ दीं। आयोजकों द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विधायक भोलाराम साहू ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज द्वारा आयोजित ऐसे खेल आयोजन आपसी सद्भाव, अनुशासन एवं शारीरिक मानसिक विकास को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने शिक्षक फेडरेशन के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए भविष्य में जिला स्तर एवं अन्य विकासखंडों में भी ऐसे आयोजनों के विस्तार का सुझाव दिया। कार्यक्रम में मुकेश सिन्हा ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अंबागढ़ चौकी, रितेश मेश्राम पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी, मनीष मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष टीचर फेडरेशन, झरनेश कुम्भकार पार्षद, गोपीचंदा देवांगन पार्षद, खेदीबाई अमिला पार्षद, उदेराम साहू प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस, बिरेन्द्र मसिया जिलाध्यक्ष हल्बा समाज, रफीक खान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष, जितेन्द्र उइके जनपद सदस्य प्रतिनिधि, विकास लाउत्रे मंडल प्रभारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, खंड शिक्षा अधिकारी, फेडरेशन के पदाधिकारी, शिक्षकगण, खेल प्रेमी एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।




## कोरबा वेस्ट, रायपुर क्षेत्र, जगदलपुर क्षेत्र एवं अंबिकापुर क्षेत्र की टीम ने किया सेमीफाइनल में प्रवेश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव के डीपीएस मैदान में खेले जा रहे पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए दोनो पूलो के लीग मैचों में कोरबा वेस्ट, रायपुर क्षेत्र, जगदलपुर क्षेत्र एवं अंबिकापुर क्षेत्र की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उल्लेखनीय है कि आज पॉवर कंपनीज की टीमों द्वारा 09 लीग मैच खेला गया जिसमें पहला मैच कोरबा पश्चिम एवं दुर्ग क्षेत्र के मध्य खेला गया। इस मैच में पिछले वर्ष की चौंपियन टीम कोरबा पश्चिम ने एक तरफा अंदाज में खेलते हुए मेजबान दुर्ग क्षेत्र को 4-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मैच में अंबिकापुर क्षेत्र की टीम ने बिलासपुर क्षेत्र पर 2 - 0 से जीत दर्ज की। तीसरा लीग मैच बिलासपुर क्षेत्र एवं रायपुर क्षेत्र के बीच खेला गया जिसमें रायपुर क्षेत्र की टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-0 से विजयी हुआ। अंतिम लीग मुकाबले जगदलपुर क्षेत्र ने कोरबा ईस्ट की टीम को पराजित किया। ज्ञातव्य है कि प्रतियोगिता में पॉवर कंपनीज की 10 टीमों ने हिस्सा लिया है, जिनके बीच लीग मैच खेला गया। प्रतियोगिता में दो सेमीफाइनल एवम फाइनल मैच 09 फरवरी 2026 को खेला जाएगा।

## कबीरधाम जिले के प्रतिष्ठित समाजसेवी भगतराम पटेल राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण के सदस्य नियुक्त

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कबीरधाम जिले के समाज के



प्रतिष्ठित व्यक्ति भगतराम पटेल को राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से जारी आदेश के माध्यम से की गई है। उनकी नियुक्ति को जिले सहित पूरे प्रदेश में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय निर्णय के रूप में देखा जा रहा है।भगतराम पटेल लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनसेवा, सामाजिक न्याय एवं लोकहित के कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देते आ रहे हैं। उनकी निष्पक्ष छवि, प्रशासनिक समझ और समाज के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए राज्य शासन द्वारा उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक ने पटेल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। श्री शर्मा ने कहा कि भगतराम पटेल जैसे अनुभवी और ईमानदार व्यक्ति की नियुक्ति से राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण और अधिक सशक्त होगा तथा आम नागरिकों का विश्वास व्यवस्था में और मजबूत होगा।ने यह भी कहा कि पटेल अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ करेंगे और पुलिस व्यवस्था को जनहितैषी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# वार्ड क्रमांक 14.व 15 शासकीय राशन दुकान का आज शुभारंभ



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत छुरिया में बहुप्रतीक्षित शासकीय राशन दुकान की मांग को देखते हुये, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल एवं उनके सहयोगियों द्वारा इस मांग को नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14.व 15 शासकीय राशन दुकान का आज शुभाराम किया गया, जिसके संचालन मां दंतेश्वरी स्व: सहायता समूह छुरिया को कार्य सौंपकर आज पूरी कर दी गई इस नई राशन दुकान में नगर के 1.2.3.4.व 14.15.नगर पंचायत वार्ड वासियों को राशन उपलब्ध कराया जाएगा,आज के इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल के साथ ही नगर पंचायत उपाध्यक्ष भूषण नेताम,बिंदु साहू पार्षद, रोशन रजक पार्षद, गौरी सिन्हा पार्षद, तीरथ साहू,दीपक यादव,गोविंदा कोचे,कामेश यादव, देवनारायण सिन्हा, मनीषा यदु,मंगला टेमरे,साधना रावते, रेवती कोचे,अन्नपूर्णा सिन्हा,ज्योति कसेर,सुमन साहू,सुशीला यादव,रतनदीप केसरिया,फुलेश्वरी सोनकर , रूखमणि बर्वे,मेनका यादव ,के साथ समूह के सदस्य व नगर पंचायत के वार्डवासियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

## गन्ना विक्रेता किसानों को 3.45 करोड़ की राशि जारी, 1073 किसानों को मिलेगा लाभ

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित



पंडरिया द्वारा पेराई सत्र 2025-26 के तहत गन्ना विक्रेता किसानों को 3 करोड़ 45 लाख रुपये की प्रथम किस्त का भुगतान बैंक के माध्यम से जारी कर दिया गया है। यह राशि 19 नवंबर 2025 से 25 नवंबर 2025 तक गन्ना विक्रय करने वाले 1073 किसानों के खातों में प्रेषित की गई है। कारखाना प्रबंधन ने बताया कि इस अवधि में खरीदे गए गन्ने का मूल्य 329.05 रुपये प्रति क्विंटल की दर से निर्धारित किया गया है। किसानों को उनकी उपज के आधार पर भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। प्रबंधन ने बताया कि यह प्रथम किस्त के रूप में भुगतान किया गया है।

## धर्म समाचार....

# बरसाना से नंदगांव तक, ब्रज में कब है लड्डु मार और लट्ठमार होली




नई दिल्ली। होली के पर्व के आने का हर कोई बेसब्री से इंतजार करता है। इस पर्व को मथुरा समेत देशभर में उत्साह के साथ मनाया जाता है। होली पर मथुरा में अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। ब्रज में कई तरह की होली खेली जाती है, जैसे- लड्डू मार और लट्ठमार होली समेत आदि। अगर आप भी इस बार ब्रज की होली का आनंद लेना चाहते हैं, तो ऐसे में आइए आपको बताते हैं कि रंगोत्सव का पूरा शेड्यूल।

ब्रज होली 2026 का शेड्यूल

25 फरवरी को बरसाना में लड्डू मार होली खेली जाएगी। 26 फरवर को बरसाना में लट्ठमार होली खेली जाएगी। 27 फरवरी को नंदगांव में लठ्ठमार होली है। 28 फरवरी को वृन्दावन में फूलों की होली उत्सव मनाया जाएगा। 01 मार्च को गोकुल में छड़ी मार होली खेली जाएगी। 02 मार्च को गोकुल में होली उत्सव मनाया जाएगा। 03 मार्च को होलिका दहन 04 मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा। 5 मार्च को दाऊजी मंदिर में हुरंगा होली उत्सव मनाया जाएगा।

**लट्ठमार होली**

मथुरा की लट्ठमार होली में शमिल होने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। यह एक उत्सव नहीं है, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण और किशोरी जी के प्रेम की एक जीवंत परंपरा है। इस खास अवसर पर मथुरा में अलग ही उत्साह देखने को मिलता है। इस दिन महिलाएं पुरुषों पर लाठियां बरसाती हैं। इससे बचाव के लिए पुरुष चमड़े या लकड़ी की मजबूत ढाल का प्रयोग करते हैं। कई तरह के होली के गीत गाए जाते हैं। इस दौरान हर तरफराधे-राधे' की गूंज सुनाई देती है और अबीर-गुलाल उड़ता है। इस उत्सव के आखिरी में महिलाएं और पुरुष एक-दूसरे को गुलाल लगाते हैं। यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। लट्ठमार होली में लाठियों की चोट भगवान श्रीकृष्ण प्रेम की अनुभूति होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, होलिका दहन 03 मार्च को किया जाएगा। होलिका दहन करने का शुभ मुहूर्त शाम 06 बजकर 22 मिनट से रात 08 बजकर 50 मिनट तक है।

## कब से शुरू हो रहा है माह-ए-रमजान? इस बार न करें ये गलतियां

इस्लामिक कैलेंडर का नौवां और सबसे पवित्र महीना रमजान (ऋड्डद्बड्डस्रड्डठ्ठ) अब बस कुछ ही दिनों में शुरू होने वाला है। यह महीना केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह सब्र, संयम और अल्लाह की इबादत का समय है। साल 2026 में रमजान फरवरी के बीच में से शुरू होगा। आइए इस आर्टिकल में इसकी डेट और महत्व को जानते हैं।

**रमज़ान कब शुरू होगा ?** - इस्लामी कैलेंडर के अनुसार, आमतौर पर शब-ए-बारात के करीब 15 दिन बाद रमज़ान शुरू हो जाता है। इस साल शब-ए-बारात 3 फरवरी को मनाई गई है। ऐसे में रमज़ान का आग़ाज़ 17 या 18 फरवरी से होने की संभावना है, हालांकि इसकी भी अंतिम घोषणा चांद दिखने के बाद ही की जाएगी।

**रमजान का महत्व** - रमजान को इबादत का महीना कहा जाता है। मान्यता है कि इसी महीने में जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं और जहन्नुम (नरक) के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं। साथ ही हर नेक काम का सवाब (पुण्य) 70 गुना बढ़कर मिलता है। इसलिए ऐसा कहा जाता है कि इस महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत और दान-पुण्य करना चाहिए।

**झूठ से बचें**- जो लोग रोजा रखकर भी झूठ, चुगली और बुराई नहीं छोड़ते, उन्हें रोजे का सवाब (फल) नहीं मिलता है। इसलिए जुबान और आंखों का भी रोजा रखें।

**सहरी**- कुछ लोग नींद के आलस में सहरी नहीं खाते और सीधे इफ्तार करते हैं। यह सेहत के लिए अच्छा नहीं है और सुन्नत के खिलाफ भी है। सहरी में बरकत है, ऐसे में इसे जरूर खाएं।

**इफ्तार में बहुत ज्यादा खाना**- दिन भर भूखे रहने के बाद इफ्तार के वक्त बहुत ज्यादा तला-भुना खाने से बचें। इससे आप नमाज में सुस्ती महसूस करेंगे। ऐसे में खजूर और पानी से रोजा खोलें और हल्का भोजन करें।



nandgaon times feb-09-3.qxd 2/8/2026 10:19 PM Page 4



# गढ़चिरोली में पुलिस को बड़ी कामयाबी 25 लाख के इनामी टॉप कमांडर 'प्रभाकर' समेत 7 नक्सली ढेर, एक जवान शहीद

**गढ़चिरोली ( महाराष्ट्र ) ( नांदगांव टाइम्स )।** महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में सुरक्षाबलों ने अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियानों में से एक को अंजाम देते हुए नक्सलियों की कमर तोड़ दी है। 6 और 7 फरवरी को चले इस भीषण मुठभेड़ में पुलिस की ष्ट-60 कमांडो यूनिट ने 25 लाख रुपये के इनामी टॉप नक्सली कमांडर 'प्रभाकर' सहित कुल 7 नक्सलियों को मार गिराया है। इस साहसिक ऑपरेशन में ष्ट-60 के एक बहादुर जवान दीपक चिन्ना मडावी देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देते हुए शहीद हो गए।

**तीन दिन चला ऑपरेशन, अबुझमाड़ के जंगलों में हुई कार्रवाई**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, खुफिया एजेंसियों से सूचना मिली थी कि छत्तीसगढ़ सीमा से सटे अबुझमाड़ के घने जंगलों में नक्सलियों का एक बड़ा दल और 'कंपनी नंबर 10' के सदस्य सक्रिय हैं। इसके बाद गढ़चिरोली पुलिस की विशेष यूनिट ष्ट-60 और ष्टक्रक्कस्न की टुकड़ियों ने 3 फरवरी की रात से ही नारायणपुर-गढ़चिरोली सीमा के पास फोड़ेवाड़ा गांव के जंगलों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था।

**शुक्रवार और शनिवार को मिली बड़ी सफलता**

अभियान के दौरान नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने मुंहतोड़ जवाब दिया।

6 फरवरी शुक्रवार को मुठभेड़ के बाद पुलिस ने घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और कुछ नक्सलियों के शव बरामद किए।

7 फरवरी शनिवार को भी सर्च ऑपरेशन



जारी रहने पर कुल मारे गए नक्सलियों की संख्या 7 जिनमें 4 पुरुष और 3 महिलाएं हो गई।

**टॉप कमांडर प्रभाकर का अंत**

मारे गए नक्सलियों में सबसे बड़ा नाम 'प्रभाकर' उर्फ लोकेटी चंदर राव का है। वह तेलंगाना के कामारेड्डी का रहने वाला था और नक्सलियों की 'गढ़चिरोली डिवीजनल कमेटी' का प्रभारी था। उस पर सरकार ने 25 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। उसका मारा जाना नक्सली संगठन के लिए एक बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है।

**जवान दीपक मडावी हुए शहीद**

इस ऑपरेशन में ष्ट-60 यूनिट के कमांडो दीपक चिन्ना मडावी (38 वर्ष) ने अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने दो नक्सलियों को ढेर कर दिया, लेकिन गोलीबारी के दौरान वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एयरलिफ्ट करके अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान वे शहीद हो गए। वहीं, एक अन्य जवान जोगा मडावी घायल हैं, जिनका इलाज जारी है और उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है।

**हथियारों का जखीरा बरामद**

घटनास्थल से पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं, जिनमें शामिल हैं 3 एके-47 राइफल (एके-47) 1 एसएलआर (SLR) 1 .303 राइफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद और नक्सली साहित्य। गढ़चिरोली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यह ऑपरेशन बेहद दुर्गम इलाके में तीन दिन और तीन रात तक चला। पुलिस इसे नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में एक 'निर्णायक प्रहार' मान रही है। प्रशासन ने शहीद जवान दीपक मडावी को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# डोंगरगढ़ में भव्य श्रीमद् भागवत कथा एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर निर्माण-प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर में धर्म, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम होने जा रहा है। देवाधिदेव महादेव की कृपा से द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर के निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 9 फरवरी से 15 फरवरी तक संपन्न होगा, जिसमें श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त होगा। कथा के दौरान श्रीमद् भागवत महात्म्य, भक्त प्रह्लाद चरित्र, ध्रुव चरित्र, शिवङ्कसती प्रसंग, भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएँ, गोवर्धन पूजा, होली उत्सव, कंस वध, रुक्मिणी विवाह सहित अनेक दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। समापन दिवस पर सुदामा चरित्र, व्यास पूजा एवं भव्य महाआरती



का आयोजन होगा।इसी क्रम में 13 फरवरी (शुक्रवार) को वैदिक विधि-विधान से अन्नाधिवास, जलाधिवास, फलाधिवास एवं शयनाधिवास संपन्न होगा तथा 15 फरवरी (रविवार) को रुद्राभिषेक, शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन-पूजन किया जाएगा। यह आयोजन महुआ ग्राउंड, डिपरा पारा, डोंगरगढ़ एवं डिपरा पारा शिव मंदिर तालाब के पास आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन युवा समिति डिपरा पारा एवं महिला समिति वार्ड नं. 23 के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। आयोजन समिति एवं वार्ड पार्षद एवं नगर पालिका सभापति सुमित ताम्रकार ने समस्त नगरवासियों एवं आसपास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से इस पावन धार्मिक आयोजन में सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस बनी 'नरक': कोच S1 में बदबू और गंदगी के बीच सफर करने को मजबूर यात्री, रेलवे के दावों की खुली पोल

**बिलासपुर बीकानेर ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय रेलवे द्वारा विश्वस्तरीय सुविधाओं और 'स्वच्छ भारत' के तमाम दावों की हकीकत उस वक्त तार-तार हो गई, जब बिलासपुर से बीकानेर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन (20845) के यात्रियों को 7 और 8 फरवरी 2026 को ऋनरकऋ जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा। रिज़र्वेशन का पूरा पैसा चुकाने के बावजूद, कोच एस-1 (स1) के यात्रियों को बदबू, सड़न और गंदगी के बीच नाक पर कपड़ा रखकर सफर करने को मजबूर होना पड़ा। **सफर नहीं, 'सजा' बन गई यात्रा**- राजनांदगांव से कोटा और बीकानेर जा रहे यात्रियों ने बताया कि जैसे ही ट्रेन आगे बढ़ी, कोच के शौचालय से असहनीय बदबू आने लगी। यात्रियों के अनुसार, 7 और 8 फरवरी 2026 की दरम्यानी रात और पूरे दिन हालात इतने बदतर थे कि अपनी सीट पर बैठना भी दूभर हो गया था। **कोच की दुर्दशा के मुख्य बिंदु**- चोक पड़े शौचालय शौचालयों में भारी गंदगी जमा थी। पानी का घोर संकट लंबी दूरी की ट्रेन होने के बावजूद कोच में पानी की भारी किल्लत रही। टूटा हुआ सिस्टम,टॉयलेट





का फ्लश सिस्टम पूरी तरह खराब था और नल भी टूटी हुई अवस्था में थे।

**सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति**- यात्रियों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि बदबू से परेशान होकर उन्होंने कई बार 'रेल मदद' और सम्बंधित अधिकारियों को कॉल किया। शिकायत के बाद सफाई कर्मी आए जरूर, लेकिन स्थिति जस की तस रही। पानी और फ्लश ठीक न होने के कारण सफाई कर्मियों की कोशिशें भी बेकार साबित हुईं। बदबू इतनी भीषण थी कि यात्रियों को एक पल की भी राहत नहीं मिली।

**रेलवे को कोसते रहे यात्री**- कोच एस-1 में सफर कर रहे वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ी। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन को जमकर कोसा। उनका कहना था, हम रिज़र्वेशन का पैसा इसलिए देते हैं ताकि चैन से सफर कर सकें, लेकिन रेलवे ने हमें जानवरों जैसी स्थिति में डाल दिया है। यह घटना बिलासपुर, रायपुर और कोटा मंडल के रेल अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती है।



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने विधानसभा अध्यक्ष एवं जनप्रिय विधायक डॉ रमन सिंह जी से मिलने एवं आशीर्वाद लेने उनके निवास रायपुर पहुंचे. साथ मे ऊर्जावान भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कोमल राजपूत जी साथ मे उपस्थित थे. जो पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यप्रणाली एवं पिछड़ा वर्ग के उथान की एवं योजनाओं की जानकारी विस्तृत रूप से दिया गया मार्गदर्शन एवं स्नेहपूर्ण आशीर्वाद के लिए आदरणीय डॉ रमन सिंह जी का हृदय से आभार।

# 30वां सिंधु दर्शन यात्रा 2026 : लेह-लद्दाख में होगा प्रथम सिंधु कुंभ का भव्य आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक 30वां सिंधु दर्शन यात्रा 2026 इस वर्ष ऐतिहासिक स्वरूप में आयोजित होने जा रहा है। वर्ष 1997 से प्रारंभ हुई यह यात्रा अपने 30वें वर्ष में प्रवेश कर रही है, जिसे च्राष्ट्रीय एकता के लिए तीर्थ वर्षज्ज् के रूप में मनाया जाएगा। इस विशेष अवसर पर लेह-लद्दाख में प्रथम सिंधु कुंभ का आयोजन किया जाएगा।

**22 से 27 जून तक लेह-लद्दाख में आयोजन**

सिंधु दर्शन यात्रा समिति (पंजीकृत) के तत्वावधान में यह यात्रा 22 जून से 27 जून 2026 तक लेह-लद्दाख में संपन्न होगी। यात्रा के दौरान सिंधु नदी तट पर सिंधु स्नान, बेहराना पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, धार्मिक अनुष्ठान तथा राष्ट्रीय एकता को समर्पित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

**हिंद- बौद्ध समरसता का सशक्त संदेश**

यह यात्रा हिंदू एवं बौद्ध संस्कृति के सौहार्द का जीवंत उदाहरण मानी जाती है। आयोजकों





के अनुसार सिंधु दर्शन यात्रा का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करना है।

**यात्रियों के लिए चार प्रमुख पैकेज**

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न मार्गों से यात्रा पैकेज उपलब्ध कराए गए हैं— SD1: दिल्ली- लेह- दिल्ली (हवाई मार्ग) 22 से 27 जून 2026 शुल्क: ?22,000 + हवाई टिकट SD2- कुरुक्षेत्र-मनाली- लेह- जम्मू (सड़क मार्ग) 18 से 30 जून 2026 शुल्क: ?30,000 SD3: जम्मू-लेह-मनाली- कुरुक्षेत्र (सड़क मार्ग) 17 से 30 जून 2026 शुल्क: ?30,000 SD4: जम्मू-कारगिल-लेह- जम्मू (सड़क मार्ग) 17 से 30 जून 2026 शुल्क: ?30,000 यात्रा शुल्क में आवास, परिवहन एवं भोजन की संपूर्ण व्यवस्था शामिल है। **छत्तीसगढ़ के लिए प्रतिनिधि नियुक्त**

राजनांदगांव क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा हेतु स्थानीय प्रतिनिधि के रूप में श्री गुरमुख दास वाधवा छत्तीसगढ़ प्रमुख को नियुक्त किया गया है।

## नन्हे सितारे चमक रहे है गांव से विनोबा ऐप के कार्यक्रम में बाजीमारी

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा विभाग के ऐप विनोबा ऐप में नन्हें सितारे का बच्चों से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन पूरे प्रदेश में होता है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी बाजी मार रहे है डोंगरगढ



विकासखंड और जिला स्तर पर आयोजन गीत , कविता कहानी व स्पोकन इंग्लिश में व अंग्रेजी कविता पर आधारित था। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला धूसेरा के कक्षा 3 री के छात्र अरविंद सिंह ने हिंदी कविता वाचन मेंप्रथम स्थान प्राप्त किया।छात्र के मार्गदर्शक के रूप में शिक्षिका श्रीमती आरती राजपूत थी इस सफलता के लिए स्टाफके लोगों ने बधाई दी।

## गांजा पीते हुए रंगे हाथ 08 नशेड़ी को गिरफ्तार

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** पुलिस को रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग महावीर मंदिर के पीछे बैठकर गांजा पीते



हुए हल्ला-गुल्ला कर रहे हैं। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचकर रेड की गई। महावीर मंदिर के पीछे बैठकर गांजा पी रहे आरोपी 01. जगन्नाथ पटेल, 02. अमर तिवारी, 03. चेतन लारिया, 04. राजू खान, 05. कादिर खान, 06. अनिल वर्मा, 07. सोमनाथ साहू एवं 08. दीपक सिन्हा को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों से कुल 100 ग्राम गांजा एवं गांजा पीने का चिलम, माचिस, लाइटर सहित कुल कीमती 4 हजार रु का सामान जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। भविष्य में भी इस प्रकार की सूचना मिलने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## भरनाभाट स्कूल में प्रधान पाठक ने दिया नेवता भोज

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शास प्राथमिक माध्यमिक शाला भरनाभाट संकुल राना खुज्जी में प्राथमिक प्रधान पाठक अश्वनी कुमार देवांगन ने अपनी बेटी आस्था के जन्मदिन के अवसर पर स्कूल के सभी बच्चों को न्यौता भोजन के रूप में लड्डू,और केला खीर पुड़ी खिलाया गया इस अवसर शाला प्रबंधन



समिति के अध्यक्ष भारती निषाद व उपाध्यक्ष गितेन्द्री ठाकुर व शाला के सभी शिक्षकगण व प्रधान पाठक आर एम सिद्धकी, शिक्षक तीखम देवांगन,जीधू देशमुख, गुरु सिम्पी, युसूफ टण्डन,दुर्गेश्वरी साहू सभी शाला परिवार ने बच्ची के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी,
स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

अन्नपूर्णा ट्रेडर्स
• हार्डवेयर • सेनेटरी
• टाईल्स • पेन्टस
MEENA / OMPRAKASH SAHU

# जॉबदर कर्मचारी संघ ने मार्कफेड अध्यक्ष शशिकान्त द्विवेदी से विभाग के विभिन्न मुद्दों को लेकर की मुलाकात

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा नेता एवं मार्कफेड अध्यक्ष ( प्राधिकृत अधिकारी) शशिकान्त द्विवेदी से खैरागढ़ छूईखादान गंडई, राजनांदगाव, मानपुर मोहला चौकी जिले के मार्कफेड मे जॉबदर पर कार्यरत सहायक प्रोग्रामर मुकेश चंद्राकर, महेंद्र डहारे, लोकेश्वर सिन्हा, कम्प्यूटर ऑपरेटर विजय साहू, पंकज सिंह, लक्ष्मीकांत साहू, गिरधारी लाल मुंजारिया, जितेन्द्र गुप्ता आदि ने उनके डोंगरगढ़ निवास स्थान मे गुलदस्ता भेंट कर मार्कफेड का अध्यक्ष बनने की बधाई देते हुए विभाग मे जॉबदार पर कार्यरत कर्मचारियों के प्रति जो अनदेखा किया जा रहा है उससे अवगत कराते हुये विगत 5 सालों से वेतन में वृद्धि को लेकर विभाग द्वारा किसी प्रकार का पहल नहीं किया



गया ,से अवगत कराया गया। ज्ञात हो की विभाग में कार्यरत जॉबदर कर्मचारियों का वेतन वित्त विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जारी वित्तीय निर्देश संविदा के आधार पर समय-समय पर बढ़ता रहा है, किंतु वर्तमान में मार्कफेड के उच्च अधिकारियों द्वारा संविदा के आधार के आदेशों को गलत ठहराते हुए वेतन मे वृद्धि करने से मना कर दिया गया।विभाग में विगत 18 सालो से जॉबदर पर कार्यरत प्रोग्रामर, सहायक प्रोग्रामर एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों का छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के निर्देश 2007, 2012, 2015, 2019, के तहत वेतन वृद्धि समय-समय पर किया जाता रहा है।

# विकसित भारत- 2047 का रोडमैप बना केंद्रीय बजट : मनोहर लाल

**रायपुर ( नांदगाँव टाइम्स ) ।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केंद्रीय बजट को नवोत्थान और समावेशी विकास का वाहक बताते हुए इसे विकसित भारतङ्क2047 के विजन को साकार करने वाला सशक्त





दस्तावेज बताया। वे राजधानी रायपुर में अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि इस बजट में आगामी 25 वर्षों के लिए देश के आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी ढांचे के विकास की स्पष्ट दिशा तय की गई है। पहली बार कर्तव्य भवन में तैयार किया गया यह बजट शासन व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। साथ ही 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट को शामिल किए जाने से राज्यों के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई गई। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि बजट प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन से बिजली, आवास, शहरी विकास और अधोसंरचना क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति होगी। उन्होंने दोहराया कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रेस वार्ता में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू, प्रदेश के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, सांसद संतोष पाण्डेय, बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव में वार्षिक सांस्कृतिक संध्या का भव्य समापन







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय, राजनांदगांव (छ.ग.) में वार्षिक उत्सव आरोह-2026का 6 दिवसीय भव्य आयोजन दिनांक 02.02.2026 से 07.02.2026 तक किया जा रहा है। इस उत्सव के अंतर्गत खेल, साहित्य, ललित कला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। वार्षिक उत्सव के विभिन्न आयोजनों में सांस्कृतिक कार्यक्रम (नेतृत्वकर्ता - डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर), फाइन आर्ट (नेतृत्वकर्ता ङ्क डॉ. प्रतिमा कुजुर एवं डॉ. सुनीता मेश्राम), साहित्य (नेतृत्वकर्ता ङ्क डॉ. दिव्या साहू) एवं खेलकूद (नेतृत्वकर्ता - डॉ. अराधना टोप्पो) शामिल हैं। इन सभी गतिविधियों का सफल संचालन संस्थान के अधिकारियों, विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। दिनांक 06.02.2026 को संस्था के वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव च्आरोह-2026 के तृतीय दिवस का सफल आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, कला-प्रतिभा एवं सांस्कृतिक चेतना को समर्पित रहा, जिसमें संगीत, नृत्य एवं मंचीय प्रस्तुतियों का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय अधिष्ठाता डॉ. पंकज मधुकर लुका द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. अतुल मनोहरराव देशकर द्वारा स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया गया। तृतीय दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति (वाइस चांसलर) डॉ. लवली शर्मा उपस्थित रहीं। उनके करकमलों से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डॉ. शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को कला, संस्कृति और साहित्य के संरक्षण व संवर्धन हेतु प्रेरित किया तथा इस प्रकार के आयोजनों को व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। सांस्कृतिक संध्या में गणेश वंदना, बारहमासी नृत्य, एकल एवं युगल गायन, समूह नृत्य एवं अन्य रंगारंग विधाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत थीम वॉक इस संस्था का मुख्य आकर्षण रहा, जिसने सामाजिक एवं सांस्कृतिक संदेशों को प्रभावी ढंग से मंच पर उकेरा। थीम वॉक एवं बारहमासी नृत्य में संस्थान के विद्यार्थियों को चार समूहों में विभाजित कर विभिन्न विषयों पर सृजनात्मक प्रस्तुतियां दी गईं। बारहमासी नृत्य के माध्यम से छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराओं, त्योहारों एवं मांगलिक कार्यों को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया। प्रत्येक समूह ने अपनी विशिष्ट परिकल्पना, वेशभूषा एवं मंच-सज्जा के माध्यम से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरक संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com